चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| | 21-01-25 | 2 | 3-4 |

The Tribune

# HAU bags 3 state-level awards under NSS

HISAR, JANUARY 20

Chaudhary Charan Singh Haryana Agricultural University (HAU) has bagged three state-level awards simultaneously for its better performance in the field of social service. Of these awards one is for the volunteer category and another for the NSS unit. The state-level National Service Scheme (NSS) Award Distribution Ceremony for the year 2022-23 was organised by the Higher Education Department, Haryana, recently. The awards were conferred by Chief Minister Nayab Singh Saini.

While congratulating the winner, Vice Chancellor Prof BR Kamboj said it was a matter of pride for the university to receive three state-level awards simultaneously under the National Service Scheme. He said, "A person achieves his goal only due to strong willpower and hard work in mind."

Out of these 10 awards, two awards have been received by volunteers Jagat Pal and Kumari Annu of the College of Agriculture, Hisar. The NSS unit of the Agriculture College and its programme officer Dr Chandrashekhar Dagar were awarded certificates, mementos and Rs 31,000. The volunteers were given a certificate, a memento and Rs 21,000.

Dr Madan Khichar, Director, Student Welfare, said from the year 2016-17 till now volunteers of the college had received a total of 15 awards, which include six national level and nine state-level awards. He said the NSS unit organises various activities, including awareness rally against social evils, plantation of trees and cleanliness campaign among others. — TNS

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 21-01-25 | 3 | 3-4 |

# एचएयू को एनएसएस के तहत राज्य स्तरीय 3 पुरस्कार मिले

## उच्चतर शिक्षा विभाग ने किया समारोह का आयोजन



भास्कर न्यूज | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय को समाज सेवा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने पर एक साथ तीन राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए गए हैं। उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा वर्ष 2022-23 के लिए राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ये पुरस्कार उन्हें प्रदान किए हैं।

गौरतलब है कि विश्वविद्यालय ने एक पुरस्कार एनएसएस यूनिट और दो पुरस्कार स्वयंसेवक श्रेणी में प्राप्त किए। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने तीनों राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले विजेताओं को बधाई दी।

हरियाणा में एनएसएस की लगभग 1500 इकाइयां हैं। जिनमें से केवल तीन का चयन इस पुरस्कार के लिए किया जाता है। प्रदेश में 1 लाख 50 हजार से अधिक एनएसएस स्वयंसेवक हैं, इनमें से केवल 10 को स्वयंसेवक श्रेणी में यह पुरस्कार दिया जाता है। जिसमें पांच पुरुष तथा पांच महिला होती हैं। कृषि महाविद्यालय हिसार के स्वयंसेवक जगतपाल एवं कुमारी अन्नु ने प्राप्त किए हैं। इसके अलावा डॉ. चन्द्रशेखर डागर को अवार्ड मिला।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| अजीत समाचार | 21.01.25 | 5 | 6-8 |

# एच.ए.यू. को राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत एक साथ मिले तीन राज्य स्तरीय पुरस्कार

हिसार, 20 जनवरी (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय को लगातार एक के बाद एक उपलब्धियां हासिल हो रही हैं। विश्वविद्यालय को जहां शिक्षा, शोध, विस्तार के क्षेत्र में अपने अमूल्य योगदान के लिए जाना जाता है वहीं समाज सेवा के क्षेत्र में भी इसका नाम अग्रणी श्रेणी में शामिल है। समाज सेवा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने पर विश्वविद्यालय को एक साथ तीन राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए गए हैं। उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा वर्ष 2022-23 के लिए राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया जिसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ये पुरस्कार उन्हें प्रदान किए हैं।

गौरतलब है कि विश्वविद्यालय ने एक पुरस्कार एनएसएस यूनिट और दो पुरस्कार स्वयंसेवक श्रेणी में प्राप्त किए। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने तीनों राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले विजेताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत एक साथ तीन राज्य स्तरीय पुरस्कार मिलना विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात है।



एनएसएस राज्य स्तरीय पारितोषिक वितरण समारोह में पुरस्कार पाने वाले विजेताओं के साथ कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज व अन्य।

उन्होंने कहा कि मन में दृढ़ इच्छाशक्ति और मेहनत के कारण ही इंसान को लक्ष्य की प्राप्ति होती है। ज्ञात रहे कि हरियाणा में एनएसएस की लगभग 1500 इकाइयां हैं जिनमें से केवल तीन का चयन इस पुरस्कार के लिए किया जाता है। प्रदेश में 1 लाख 50 हजार से अधिक एनएसएस स्वयंसेवक हैं इनमें से केवल 10 को स्वयंसेवक श्रेणी में यह पुरस्कार दिया जाता है जिसमें पांच पुरुष तथा पांच महिला होते हैं। इन 10 पुरस्कारों में दो पुरस्कार कृषि महाविद्यालय हिसार के स्वयंसेवक जगतपाल एवं कुमारी अन्नु ने प्राप्त किए हैं। कृषि महाविद्यालय की एनएसएस इकाई एवं इसके कार्यक्रम अधिकारी डॉ. चन्द्रशेखर डागर को अवार्ड दिया गया जिसके तहत उनको प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह और 31 हजार रुपए की राशि दी गई है। स्वयंसेवकों को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह व 21 हजार रुपए की राशि प्रदान की गई है। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि वर्ष 2016-17 से अब तक महाविद्यालय के स्वयंसेवकों को कुल 15 अवार्ड मिल चुके हैं जिसमें 6 राष्ट्रीय स्तर के व 9 राज्य स्तर के अवार्ड शामिल हैं। उन्होंने बताया कि एनएसएस इकाई द्वारा सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता रैली, पौधारोपण, स्वच्छता अभियान, सहित अनेक क्षेत्रों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाता है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक ट्रिब्यून | 21.01.25 | 7 | 6-8 |

# हकृवि : एनएसएस के तीन राज्य स्तरीय पुरस्कार मिले

हिसार, 20 जनवरी (हप्र)

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय को एक साथ तीन राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए गए हैं।

उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा वर्ष 2022-23 के लिए राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यह पुरस्कार उन्हें प्रदान किए हैं।

विश्वविद्यालय ने एक पुरस्कार एनएसएस यूनिट और दो पुरस्कार स्वयंसेवक श्रेणी में प्राप्त किए। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने तीनों राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले विजेताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत एक साथ तीन राज्य स्तरीय पुरस्कार मिलना विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 21.01.25 | 11 | 4-5 |

## एनएसएस में एचएयू को मिले तीन राज्य स्तरीय पुरस्कार



हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय को लगातार एक के बाद एक उपलब्धियां हासिल हो रही हैं। विश्वविद्यालय को जहां शिक्षा, शोध, विस्तार के क्षेत्र में अपने अमूल्य योगदान के लिए जाना जाता है वहीं समाज सेवा के क्षेत्र में भी इसका नाम अग्रणी श्रेणी में शामिल है। समाज सेवा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने पर विश्वविद्यालय को एक साथ तीन राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए गए हैं। उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा वर्ष 2022-23 के लिए राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ये पुरस्कार उन्हें प्रदान किए हैं। विश्वविद्यालय ने एक पुरस्कार एनएसएस यूनिट और दो पुरस्कार स्वयंसेवक श्रेणी में प्राप्त किए। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने तीनों राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले विजेताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत एक साथ तीन राज्य स्तरीय पुरस्कार मिलना विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि मन में दृढ़ इच्छाशक्ति और मेहनत के कारण ही इंसान को लक्ष्य की प्राप्ति होती है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 21-01-25 | 3 | 4-5 |

# एचएयू को राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत मिले 3 राज्यस्तरीय पुरस्कार



एचएयू में एनएसएस के राज्यस्तरीय पारितोषिक वितरण समारोह में पुरस्कार पाने वाले विजेताओं के साथ कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज और अन्य। स्रोत : संस्थान

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय को तीन राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए गए हैं। उच्चतर शिक्षा विभाग की ओर से वर्ष 2022-23 के लिए राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यह पुरस्कार प्रदान किए।

विश्वविद्यालय ने एक पुरस्कार एनएसएस यूनिट और दो पुरस्कार स्वयंसेवक श्रेणी में प्राप्त किए।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने विजेताओं को बधाई दी। दो पुरस्कार कृषि महाविद्यालय हिसार के स्वयंसेवक जगतपाल व कुमारी अन्नु ने प्राप्त किए।

वहीं कृषि महाविद्यालय की एनएसएस इकाई एवं इसके कार्यक्रम अधिकारी डॉ. चंद्रशेखर डागर को अवॉर्ड, प्रशस्ति पत्र व 31 हजार रुपये की राशि दी। स्वयंसेवकों को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिह्न व 21 हजार रुपये की राशि प्रदान की। संवाद

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 21-01-25 | 3 | 3-4 |

# हकृवि को राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत एक साथ मिले तीन राज्य स्तरीय पुरस्कार



पुरस्कार पाने वाले विजेताओं के साथ कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज एवं अन्य।

हिसार, 20 जनवरी (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय को लगातार एक के बाद एक उपलब्धियां हासिल हो रही हैं। विश्वविद्यालय को जहां शिक्षा, शोध, विस्तार के क्षेत्र में अपने अमूल्य योगदान के लिए जाना जाता है वहीं समाज सेवा के क्षेत्र में भी इसका नाम अग्रणी श्रेणी में शामिल है। समाज सेवा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने पर विश्वविद्यालय को एक साथ तीन राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए गए हैं। उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा वर्ष 2022-23 के लिए राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ये पुरस्कार उन्हें प्रदान किए हैं।

गौरतलब है कि विश्वविद्यालय ने एक पुरस्कार एन.एस.एस. यूनिट और दो पुरस्कार स्वयंसेवक श्रेणी में प्राप्त किए।

विश्वद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने तीनों राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले विजेताओं को बधाई दी। ज्ञात रहे कि पुरस्कारों में दो पुरस्कार कृषि महाविद्यालय के स्वयंसेवक जगतपाल एवं कुमारी अन्नु ने प्राप्त किए हैं।

कृषि महाविद्यालय की एन.एस.एस. इकाई एवं इसके कार्यक्रम अधिकारी डॉ. चन्द्रशेखर डागर को अवार्ड दिया गया, जिसके तहत उनकों प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह और 31 हजार रूपए की राशि दी गई है। स्वयंसेवकों को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह व 21 हजार रूपए की राशि प्रदान की गई है। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि वर्ष 2016-17 से अब तक महाविद्यालय के स्वयंसेवकों को कुल 15 अवार्ड मिल चुके हैं जिसमें 6 राष्ट्रीय स्तर के व 9 राज्य स्तर के अवार्ड शामिल हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 20.01.25 | | |


# एचएयू को राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत एक साथ मिले तीन राज्य स्तरीय पुरस्कार



सिटी पल्स न्यूज, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय को लगातार एक के बाद एक उपलब्धियां हासिल हो रही हैं। विश्वविद्यालय को जहां शिक्षा, शोध, विस्तार के क्षेत्र में अपने अमूल्य योगदान के लिए जाना जाता है वहीं समाज सेवा के क्षेत्र में भी इसका नाम अग्रणी श्रेणी में शामिल है। समाज सेवा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने पर विश्वविद्यालय को एक साथ तीन राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए गए हैं। उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा वर्ष 2022-23 के लिए राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया जिसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ये पुरस्कार उन्हें प्रदान किए हैं। गौरतलब है कि विश्वविद्यालय ने एक पुरस्कार एनएसएस यूनिट और दो पुरस्कार स्वयंसेवक श्रेणी में प्राप्त किए।

हरियाणा में एनएसएस की लगभग 1500 इकाइयां हैं जिनमें से केवल तीन का चयन इस पुरस्कार के लिए किया जाता है। प्रदेश में 1 लाख 50 हजार से अधिक एनएसएस स्वयंसेवक हैं इनमें से केवल 10 को स्वयंसेवक श्रेणी में यह पुरस्कार दिया जाता है जिसमें पांच पुरूष तथा पांच महिला होते हैं। इन 10 पुरस्कारों में दो पुरस्कार कृषि महाविद्यालय हिसार के स्वयंसेवक जगतपाल एवं कुमारी अनु ने प्राप्त किए हैं। कृषि महाविद्यालय की एनएसएस इकाई एवं इसके कार्यक्रम अधिकारी डॉ. चन्द्रशेखर डागर को अवार्ड दिया गया जिसके तहत उनकों प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह और 31 हजार रूपए की राशि दी गई है। स्वयंसेवको को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह व 21 हजार रूपए की राशि प्रदान की गई है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 21.01.25 | 3 | 6-8 |

# एचएयू के कृषि कॉलेज की महिला व पुरुष वर्ग की टीम ने जीती वालीबॉल प्रतियोगिता


## एचएयू के गिरी सेंटर में इंटर कॉलेज वालीबॉल प्रतियोगिता आयोजित

**भास्कर न्यूज | हिसार**

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित गिरी सेंटर में आयोजित इंटर कॉलेज वालीबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले हुए। पुरुष वर्ग के फाइनल में कृषि कॉलेज हिसार व मौलिक विज्ञान एवं मानविकी कॉलेज के बीच रोचक मुकाबला हुआ। इसमें कृषि कॉलेज की टीम ने 25-20, 28-26 तथा 25-23 स्कोर पर जीत दर्ज की।

इसी प्रकार महिला वर्ग के फाइनल मुकाबले में कृषि कॉलेज हिसार तथा सामुदायिक विज्ञान कॉलेज की टीमों के बीच मुकाबला हुआ। इस रोमांचक मैच में 25- 22 और 25-23 के स्कोर पर कृषि कॉलेज की टीम विजेता रही। महिला वर्ग में कृषि कॉलेज की छात्रा अविशी ने शानदार प्रदर्शन किया तथा सामुदायिक कॉलेज की छात्राओं ज्योति व प्रीति ने भी अच्छे खेल का प्रदर्शन किया। पुरुष वर्ग में कृषि कॉलेज के खिलाड़ी रक्षित, शिवम और आर्यन तथा मौलिक विज्ञान एवं मानविकी कॉलेज के साहिल ने उत्कृष्ट खेल दिखाया।

इस अवसर पर सेवानिवृत्ति जिला खेल अधिकारी कृष्ण बेनीवाल, सह-छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सुशील लेगा, डॉ. बलजीत गिरधर खेल व स्पोर्ट्स कोर्डिनेटर डॉ. संजीव सिरोही, स्पोर्ट्स फैकल्टी से रणधीर ढाका, वालीबॉल कोच इंदु चौधरी, दलजीत सिंह, डॉ. सुंदरपाल मोर, डॉ. पवन पूनिया,



वालीबॉल मैच खेलते हुए खिलाड़ी।

डॉ. विकास कंबोज, दीप सिंह आदि उपस्थित रहे। सोनू व विकास ने मैच में रेफरी व जितेन्द्र ने स्कोरर की भूमिका निभाई।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 21-01-25 | 3 | 6-7 |

# कृषि महाविद्यालय की टीम बनी वालीबाल प्रतियोगिता में चैंपियन

जागरण संवाददाता • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित गिरी सेंटर में आयोजित इंटर कालेज वालीबाल प्रतियोगिता के फाइनल मैच में मुकाबले हुए। पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले में कृषि महाविद्यालय हिसार व मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के बीच रोचक मुकाबला हुआ। इसमें कृषि महाविद्यालय की टीम ने 25-20, 28-26 तथा 25-23 स्कोर पर जीत दर्ज की।

इसी प्रकार महिला वर्ग के फाइनल मुकाबले में कृषि महाविद्यालय हिसार तथा सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की टीमों के बीच मुकाबला हुआ। इस रोमांचक मैच में 25- 22 और 25-23 के स्कोर पर कृषि महाविद्यालय की टीम विजेता रही। महिला वर्ग में कृषि महाविद्यालय की छात्रा अविशी ने शानदार प्रदर्शन किया तथा सामुदायिक महाविद्यालय की छात्राओं ज्योति व प्रीति ने भी अच्छे खेल का प्रदर्शन किया। पुरूष वर्ग में कृषि महाविद्यालय के खिलाड़ी रक्षित, शिवम और आर्यन तथा मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के साहिल ने उत्कृष्ट खेल दिखाया।

इस अवसर पर सेवानिवृत्ति जिला खेल अधिकारी कृष्ण बेनीवाल, सह-छात्र कल्याण निदेशक डा. सुशील लेगा, डा. बलजीत गिरधर (खेल) व स्पोर्ट्स कोर्डिनेटर डा. संजीव सिरोही, स्पोर्ट्स फैकल्टी से रणधीर ढाका, वालीबाल कोच इंदु चौधरी, दलजीत सिंह, डा. सुंदरपाल मोर, डा. पवन पूनिया, डा. विकास कंबोज, दीप सिंह आदि उपस्थित रहे। सोनू व विकास ने मैच में रेफरी व जितेन्द्र ने स्कोरर की भूमिका निभाई।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 21.01.25 | 9 | 5-8 |

### एचएयू में इंटर कॉलेज वालीबॉल प्रतियोगिता आयोजित

# कृषि कॉलेज की महिला व पुरुष टीम विजेता

हरिभूमि न्यूज >> हिसार



हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित गिरी सेंटर में आयोजित इंटर कॉलेज वालीबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मैच में मुकाबले हुए। पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले में कृषि महाविद्यालय हिसार व मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के बीच रोचक मुकाबला हुआ। इसमें कृषि महाविद्यालय की टीम ने 25-20, 28-26 तथा 25-23 स्कोर पर जीत दर्ज की।

इसी प्रकार महिला वर्ग के फाइनल मुकाबले में कृषि महाविद्यालय हिसार तथा सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की टीमों के बीच मुकाबला हुआ। इस रोमांचक मैच में 25- 22 और 25-23 के स्कोर पर कृषि महाविद्यालय की टीम विजेता रही। महिला वर्ग में कृषि महाविद्यालय की छात्रा अविशी ने शानदार प्रदर्शन किया तथा सामुदायिक महाविद्यालय की छात्राओं ज्योति व प्रीति ने भी अच्छे खेल का प्रदर्शन किया। पुरूष वर्ग में कृषि महाविद्यालय के खिलाड़ी रक्षित, शिवम और आर्यन तथा मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के साहिल ने उत्कृष्ट खेल दिखाया।

इस अवसर पर सेवानिवृत्ति जिला खेल अधिकारी कृष्ण बेनीवाल, सह-छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सुशील लेगा, डॉ बलजीत गिरधर (खेल) व स्पोर्टस कोर्डिनेटर डॉ. संजीव सिरोही, स्पोर्टस फैकेल्टी से रणधीर ढाका, वालीबॉल कोच इंदु चौधरी, दलजीत सिंह, डॉ. सुंदरपाल मोर, डॉ. पवन पूनिया, डॉ. विकास कंबोज, दीप सिंह आदि उपस्थित रहे। सोनू व विकास ने मैच में रेफरी व जितेन्द्र ने स्कोरर की भूमिका निभाई।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 21-01-25 | 2 | 3-5 |

# कृषि महाविद्यालय की महिला व पुरूष वर्ग की टीम ने जीती वालीबॉल प्रतियोगिता

हिसार, 20 जनवरी (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित गिरी सेंटर में आयोजित इंटर कॉलेज वालीबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मैच में मुकाबले हुए। पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले में कृषि महाविद्यालय हिसार व मौलिक विज्ञान एवं मानवीकी महाविद्यालय के बीच रोचक मुकाबला हुआ।

इसमें कृषि महाविद्यालय की टीम ने 25-20, 28-26 तथा 25-23 स्कोर पर जीत दर्ज की। इसी प्रकार महिला वर्ग के फाइनल मुकाबले में कृषि महाविद्यालय हिसार तथा सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की टीमों के बीच मुकाबला हुआ।



मैच खेलते हुए खिलाड़ी

इस रोमांचक मैच में 25- 22 और 25-23 के स्कोर पर कृषि महाविद्यालय की टीम विजेता रही। महिला वर्ग में कृषि महाविद्यालय की छात्रा अविशी ने शानदार प्रदर्शन किया तथा सामुदायिक महाविद्यालय की छात्राओं ज्योति व प्रीति ने भी अच्छे खेल का प्रदर्शन किया। पुरूष वर्ग में कृषि महाविद्यालय के खिलाड़ी रक्षित, शिवम और आर्यन तथा मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के साहिल ने उत्कृष्ट खेल दिखाया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक ट्रिब्यून | 21-01-25 | 7 | 7-8 |

# कृषि महाविद्यालय की पुरुष, महिला टीमें बनीं वॉलबाल चैंपियन

हिसार, 20 जनवरी (हप्र)

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गिरी सेंटर में आयोजित इंटर कॉलेज वॉलबाल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबलों में कृषि महाविद्यालय हिसार की महिला और पुरुष टीमें चैंपियन बनीं।



हिसार में आयोजित वालीबॉल प्रतियोगिता के एक मैच के दौरान अंक बनाने का प्रयास करते खिलाड़ी। -हप्र

पुरुष वर्ग के फाइनल में कृषि महाविद्यालय ने मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय को 25-20, 28-26 और 25-23 के स्कोर से हराया। महिला वर्ग में कृषि महाविद्यालय ने सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय को 25-22 और 25-23 के स्कोर पर हराकर खिताब जीता। महिला वर्ग में अविशी ने शानदार प्रदर्शन किया, जबकि ज्योति और प्रीति ने सामुदायिक महाविद्यालय की ओर से अच्छा खेल दिखाया। पुरुष वर्ग में कृषि महाविद्यालय के रक्षित, शिवम और आर्यन तथा प्रतिद्वंद्वी टीम के साहिल का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 21-01-25 | 4 | 6-8 |

# कृषि महाविद्यालय की महिला व पुरुष वर्ग की टीम ने जीती वॉलीबाल स्पर्धा


**कृषि महाविद्यालय की टीम ने 25-20 28-26 और 25-23 से जीता मैच**

संवाद न्यूज एजेंसी

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गिरी सेंटर में आयोजित इंटर कॉलेज वॉलीबाल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले सोमवार खेले गए। पुरुष वर्ग का फाइनल मुकाबला कृषि महाविद्यालय व मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के बीच हुआ।

कृषि महाविद्यालय की टीम ने 25-20, 28-26 और 25-23 स्कोर से जीत दर्ज की। महिला वर्ग के फाइनल मुकाबले में कृषि महाविद्यालय हिसार और सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की टीमों के बीच मुकाबला हुआ। इस रोमांचक मैच में 25- 22 और 25-23 के स्कोर से कृषि महाविद्यालय की टीम विजेता रही। महिला वर्ग में कृषि महाविद्यालय की अविशी ने शानदार प्रदर्शन किया और सामुदायिक महाविद्यालय की छात्राओं ज्योति व प्रीति ने भी अच्छे खेल का प्रदर्शन किया।

पुरुष वर्ग में कृषि महाविद्यालय के खिलाड़ी रक्षित, शिवम और आर्यन और मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के साहिल ने उत्कृष्ट खेल दिखाया। इस दौरान सेवानिवृत्त जिला खेल अधिकारी कृष्ण बेनीवाल, सह-छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सुशील लेगा, डॉ. बलजीत गिरधर (खेल) व स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर डॉ. संजीव सिरोही, स्पोर्ट्स फैकल्टी से रणधीर ढाका, वॉलीबाल कोच इंदु चौधरी मौजूद रहे।



गिरी सेंटर में मैच में भाग लेते खिलाड़ी। स्रोत : संस्थान

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 21-01-25 | 5 | 1-3 |

# हकृवि के कृषि महाविद्यालय की महिला व पुरुष वर्ग की टीम ने जीती वॉलीबॉल

हिसार, 20 जनवरी (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित गिरी सेंटर में आयोजित इंटर कॉलेज वॉलीबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मैच में मुकाबले हुए। पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले में कृषि महाविद्यालय हिसार व मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के बीच रोचक मुकाबला हुआ। इसमें कृषि महाविद्यालय की टीम ने 25-20, 28-26 तथा 25-23 स्कोर पर जीत दर्ज की। इसी प्रकार महिला वर्ग के फाइनल मुकाबले में कृषि महाविद्यालय हिसार तथा सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की टीमों के बीच मुकाबला हुआ। इस रोमांचक मैच में 25- 22 और 25-23 के स्कोर पर कृषि महाविद्यालय की टीम विजेता रही। महिला वर्ग में कृषि महाविद्यालय की छात्रा अविशी ने शानदार प्रदर्शन किया तथा सामुदायिक महाविद्यालय की छात्राओं ज्योति व प्रीति ने भी अच्छे खेल का प्रदर्शन किया।



मैच खेलते हुए खिलाड़ी।

पुरूष वर्ग में कृषि महाविद्यालय के खिलाड़ी रक्षित, शिवम और आर्यन तथा मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के साहिल ने उत्कृष्ट खेल दिखाया। इस अवसर पर सेवानिवृत्ति जिला खेल अधिकारी कृष्ण बेनीवाल, सह-छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सुशील लेगा, डॉ. बलजीत गिरधर (खेल) व स्पोर्टस कोर्डिनेटर डॉ. संजीव सिरोही, स्पोर्टस फैकेल्टी से रणधीर ढाका, वॉलीबॉल कोच इंदु चौधरी, दलजीत सिंह, डॉ. सुंदरपाल मोर, डॉ. पवन पूनिया, डॉ. विकास कंबोज, दीप सिंह आदि उपस्थित रहे। सोनू व विकास ने मैच में रेफरी व जितेन्द्र ने स्कोरर की भूमिका निभाई।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 20.01.25 | | |


# कृषि महाविद्यालय की महिला व पुरूष वर्ग की टीम ने जीती वालीबॉल प्रतियोगिता

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित गिरी सेंटर में आयोजित इंटर कॉलेज वालीबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मैच में मुकाबले हुए। पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले में कृषि महाविद्यालय हिसार व मौलिक विज्ञान एवं मानवीकी महाविद्यालय के बीच रोचक मुकाबला हुआ। इसमें कृषि महाविद्यालय की टीम ने 25-20, 28-26 तथा 25-23 स्कोर पर जीत दर्ज की। इसी प्रकार महिला वर्ग के फाइनल मुकाबले में कृषि महाविद्यालय हिसार तथा सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की टीमों के बीच मुकाबला हुआ। इस रोमांचक मैच में 25- 22 और 25-23 के स्कोर पर कृषि महाविद्यालय की टीम विजेता रही। महिला वर्ग में कृषि महाविद्यालय की छात्रा अविशी ने शानदार प्रदर्शन किया तथा सामुदायिक महाविद्यालय की छात्राओं ज्योति व प्रीति ने भी अच्छे खेल का प्रदर्शन किया। पुरूष वर्ग में कृषि महाविद्यालय के खिलाड़ी रक्षित, शिवम और आर्यन तथा मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के साहिल ने उत्कृष्ट खेल दिखाया।

